STD. VIII HINDI LANG.( क्रिया)

प्रश्न 1. कर्म के आधार पर क्रिया भेद लिखें।

उत्तर:-- कर्म के आधार पर क्रिया के तीन भेद होते हैं:---

1)अकर्मक क्रिया-- जिस वाक्य में कर्म न हो । (क्या व किसको लगाकर प्रश्न करने पर उत्तर न मिले ) जैसे -- वह खाता है।

2) सकर्मक क्रिया --जिस वाक्य में कर्म हो ।(क्या व किसको लगाकर प्रश्न करने पर उत्तर मिले )जैसे-- वह रोटी खाता है ।

3)द्विकर्मक क्रिया--जिस वाक्य में दो कर्म हो। जैसे --वह मोहन को रोटी खिलाता है।( इस वाक्य में 'मोहन 'और 'रोटी' दो कर्म हैं। )

प्रश्न 2.इन वाक्यों के सामने कर्म के आधार पर क्रिया भेद लिखें ।

1) गाय खाती है।--- अकर्मक क्रिया

2) गाय घास खाती है ।---सकर्मक क्रिया

3 )लतिका गाय को घास खिला रही है ।--द्विकर्मक क्रिया

4) हर्ष पिता को पत्र लिखता है ।---द्विकर्मक क्रिया

5) हर्ष पत्र लिखता है ।--- सकर्मक क्रिया

6)हर्ष लिखता है ।---अकर्मक क्रिया

7)दादाजी सुना रहे हैं।--- अकर्मक क्रिया 8)दादाजी कहानी सुना रहे हैं।--- सकर्मक क्रिया 9)दादा जी बच्चों को कहानी सुना रहे हैं।--

द्विकर्मक क्रिया

प्रश्न 3.प्रयोग के आधार पर क्रिया - भेद लिखिए।

उत्तर:--- प्रयोग के आधार पर क्रिया के पाँच भेद होते हैं:--

I) सामान्य क्रिया:-- जिस वाक्य में एक क्रिया हो, उसे सामान्य किया कहते हैं। जैसे-- बच्चा आया, पिताजी गए ।( इन वाक्यों में 'आया' और 'गए' सामान्य क्रिया है।)

II) संयुक्त क्रिया:-- जिस वाक्य में दो या दो से अधिक क्रिया हो ,उसे संयुक्त क्रिया कहते हैं। जैसे --अमित आ गया है ,वह खाना खा चुका है।(इन वाक्यों में 'आ गया है 'और 'खा चुका है' संयुक्त क्रिया है ।)

III) पूर्वकालिक क्रिया:-- जिस वाक्य में मुख्य क्रिया से पहले कोई क्रिया हो रही हो ,उसे पूर्वकालिक क्रिया कहते हैं ।जैसे --रमेश दूध पीकर विद्यालय गया ,लता गीत गाकर चली गई।( इन वाक्यों में 'पीकर' और 'गाकर 'पूर्वकालिक क्रिया है।)

IV) प्रेरणार्थक क्रिया:-- जब कर्ता  स्वयं कार्य न कर,  दूसरे को कार्य करने के लिए प्रेरित करता है,तो उसे प्रेरणार्थक क्रिया कहते हैं ।जैसे --सेठ नौकर से काम करवाता है ,ठेकेदार मज़दूरों से सड़क बनवाता है ।(इन वाक्यों में 'करवाता है' और 'बनवाता है'  प्रेरणार्थक क्रिया है।)

V) नामधातु क्रिया:-- संज्ञा ,सर्वनाम या विशेषण शब्दों से बनी क्रिया, नामधातु क्रिया कहलाती हैं। जैसे --दादाजी बड़बड़ाने लगे, परीक्षा के समय पाठ दोहराना शुरू करो।( इन वाक्यों को 'बड़बड़ाने' और 'दोहराना' नामधातु क्रिया हैं।

प्रश्न 4. निम्नलिखित वाक्यों के आगे  प्रयोग के आधार पर  क्रिया - भेद लिखें ।

1) रश्मि धोबिन से कपड़े धुलवाती है ।

--- धुलवाती है ---प्रेरणार्थक क्रिया

2)  चिड़िया डाल पर घोंसला बना रही है।

-- बना रही है ---संयुक्त क्रिया

3)कोई दरवाज़ा खटखटाने लगा ।

-- खटखटाने --नामधातु क्रिया

4) लतिका स्कूल गई ।

--- गई ---सामान्य क्रिया

5 )वह फ़िल्म देखकर सो गया ।

--- देखकर ---पूर्वकालिक क्रिया

6) सभा में अनेक विद्वान आए।

-- आए-- सामान्य क्रिया

7) तुम मुझे झुठलाना चाहते हो ।

---- झुठलाना ---नामधातु क्रिया

8) तुम अब  घर जाओ।

--- जाओ ---सामान्य किया

9) शाहजहाँ ने मज़दूरों से ताजमहल बनवाया।  --- बनवाया ---प्रेरणार्थक क्रिया

10)एक कप चाय पी लो।

--- पी लो ---संयुक्त क्रिया

11)वह किताब पढ़कर सो गया ।

-- पढ़कर ---संयुक्त क्रिया

12) भारत मैच खेल चुका था ।

---खेल चुका था ---संयुक्त क्रिया

13) शिक्षक बच्चों से पाठ पढ़वाते हैं।

--पढ़वाते हैं ---प्रेरणार्थक क्रिया

14) वह मेरी ज़मीन हथियाने लगा ।

--- हथियाने -- नामधातु क्रिया

15) माँ बेटी से रोटी बनवाती है ।

-- बनवाती है ---प्रेरणार्थक क्रिया